जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित विकास खण्ड खैर की ग्राम उदयगढ़ी पेयजल योजना पर माननीय विधायक, श्री सुरेन्द्र दिलेर जी, विधानसभा–खैर द्वारा किये गये निरीक्षण का संक्षिप्त विवरण

जनपद अलीगढ़ की विधानसभा खैर के अन्तर्गत जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत फर्म मै0 ऑयन एक्सचैंज द्वारा क्रियान्वित विकास खण्ड खैर की उदयगढ़ी पेयजल के कार्यो का माननीय विधायक, श्री सुरेन्द्र दिलेर जी द्वारा दिनांक 26.04.2025 को निरीक्षण किया गया। योजनान्तर्गत नलकूप–1 नग, पम्प हाउस 1 नग, वितरण प्रणाली 6264 मी0, 150 कि0ली0 / 12 मी0 क्षमता का शिरोपरि जलाशय, बाउन्ड्रीवाल 1 नग एवं 341 नग गृह जल संयोजन के कार्य प्रस्तावित हैं, जिसके सापेक्ष समस्त कार्योको शत प्रतिशत पूर्ण करा लिया गया है तथा पाइप लाइन बिछाते समय ग्राम की सड़कों पर काटी गई ट्रैंच का पुर्नस्थापन कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। योजनान्तर्गत सुबह–शाम 02–02 घण्टे क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है तथा निरीक्षण के दौरान भी सभी घरों में क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति पायी गयी तथा एफ0टी0के0 महिलाओं द्वारा मौके पर क्लोरीन तथा टी0डी0एस0 की जांच की गई जोकि मानक के अनुसार पाई गई। माननीय द्वारा ग्रामवासियों को स्वच्छ जल आपूर्ति एवं जल संरक्षण हेतु विभाग द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गयी।





(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़
पत्रांक 722 / जलपूर्ति निरीक्षण / 21 दिनांक 28/04/2025

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. श्री सुरेन्द्र दिलेर जी, माननीय विधायक, विधानसभा खैर, अलीगढ़ को सादर अवलोकनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै ऑयन एक्सचेंज अलीगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अधिशासी अभियन्ता